# FIR Logged Matter

## पानी के पैसे को लेकर बोतल दे मारी

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** खरसिया के जन्मेजय वैष्णव कल शाम करीब 5 बजे गांव के यादव दुकान गया जहां बोर से पानी भरने आये हेक्सा कंपनी वालों से गांव का दिनु पटैल उन लोगो से पानी का पैसा मांग रहा था जिस पर जन्मेजय वैष्णव ने दीनु को बोला कि सरकारी बोर है तो तुम क्यों पैसा मांग रहे हो, तो दिनु पटेल गाली गलौच कर हाथ में पकड़े, थम्सअप की बोतल से जन्मेजय वैष्णव को मारपीट कर चोट पहुंचाया, रिपोर्ट पर धारा 294, 506, 323 भादंवि दर्ज कर लिया गया ।

## कोयला बाड़ी में एक मृत मामला दर्ज

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** ग्राम बैस्कीमुड़ा लैलूंगा के संजय पैंकरा 22मई की रात 10 बजे पत्थलगांव से मोटर सायकल पर घर वापस आते समय लैलूंगा-रैरूमा मार्ग पर कोयलाबाड़ी के पास अज्ञात वाहन एक्सीडेंट कर दिया, दुर्घटना से घायल हुये संजय पैंकरा की ईलाज दौरान सी.एच.सी. पत्थलगांव में मृत्यु हो गयी।

## 19 हजार की विद्युत चोरी पकड़ाई

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** कनिष्ठ यंत्री पुसौर सुशील सिदार द्वारा अपने स्टाफ के साथ ग्राम टिनमिनी का औचक निरीक्षण करने पर शिशुपाल गुप्ता के घर में लगे सर्विस मीटर क्रमांक 1001808133 को बाई पास कर अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते पाया था जिसका मौके पर पंचनामा प्रारूप 4 स्थल निरीक्षण रिपोर्ट, जप्ती पत्रक, मौका नक्शा बनाकर गणना पत्रक तैयार किया गया गणना पत्रक के अनुसार 19061 का अवैध रूप से विद्युत उर्जा का चोरी करना पाया गया थाना प्रभारी पुसौर ने कल को शिशुपाल गुप्ता के विरूद्ध धारा 379 भादंवि 135 विधुत अधिनियम दर्ज किया गया ।

## दो की हुयी आकस्मिक मृत्य

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** कल दोपहर देवांगन धर्मशाला के पीछे केलो नदी में एक अज्ञात युवक 35-38 साल का शव पानी में तैरता देखा गया जिसकी सूचना पर थाना कोतवाली से जांच अधिकारी सउनि विजय एक्का आरक्षक मौके पर जाकर शव को नदी से निकलवा कर पी.एम. के लिये भिजवाये । घटना के संबंध में धारा 174 जाफौ पंजीबद्ध कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया । दूसरी घटना लैलूंगा के ग्राम हीरापुर में हुयी जहा जीवन प्रसाद मिर्धा का 12 साल का लड़का चनेश मिर्धा कल आम बाडी आम लेने अपने साथी सैनाथ के साथ गया था जो आकाशीय गाज की चपेट में आ गया था सैनाथ ने घर जाकर चनेश के पिता को बताया, जो आम बाड़ी आकर देखे तो चनेश की मृत्यु हो गयी थी । सूचना पर धारा 174 जाफौ पंजीबद्ध कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया।

## सहारनपुर हिंसा : मास्टरमाइंड चंद्रशेखर उर्फ रावण गिरफ्तार

**लखनऊ।** सहारनपुर हिंसा का मास्टरमाइंड चंद्रशेखर उर्फ रावण को गुरुवार को पकड़ लिया गया। उसे एसआईटी की टीम ने हिमाचल प्रदेश के डल्हौजी से पकड़ा है। गौरतलब है कि चंद्रशेखर पर पुलिस ने 12 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। सहारनपुर में दलितों और ठाकुरों के बीच हुए जातीय संघर्ष मामले में आरोपी भीम सेना के संस्थापक चंद्रशेखर उर्फ रावण के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया गया था। हिंसा के बाद से ही चंद्रशेखर फरार था। पुलिस ने उसके बारे में सूचना देने पर 12 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की थी। गौरतलब है कि यूपी पुलिस ने सहारनपुर में 9 मई को हिंसा मामले में भीम सेना के चंद्रशेखर उर्फ रावण को आरोपी बनाया था। उसके अगुवाई में उसके समर्थकों पर रामनगर में एक पुलिस चौकी, कई मोटरसाइकिलें, कारें जलाने और पुलिस पर हमले के आरोप हैं।

### इंटरनेट सेवा फिर से बंद

लंबे समय तक सहारनपुर को जातीय हिंसा में जलाने के आरोपी चंद्रशेखर आजाद की गिरफ्तारी के बाद से एक बार फिर माहौल गरम हो गया है। इसको देखते हुए सहारनपुर में एक बार फिर से इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया गया है। यहां इंटरनेट सेवा अब दो दिन तक बंद रहेगी। चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण की गिरफ्तारी के बाद जिले की इंटरनेट सेवा दो दिन के लिए बंद कर दी गई है। जिलाधिकारी प्रमोद कुमार पाण्डेय ने ने बताया कि रावण की गिरफ्तारी के बाद सोशल मीडिया पर आज भी लोग तरह-तरह के कमेंट डालने लगे हैं। इसी के चलते तत्काल प्रभाव से दो दिन के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। हिंसा प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इससे पहले भी सहारनपुर में करीब एक हफ्ते तक इंटरनेट सेवा बंद की जा चुकी है।

## बिगड़ते पर्यावरण को बचाना होगा जरूरी

### हरे भरे पेड लगाने के लिए करनी होगी पहल - अंकिता

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में बढते पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए पेडों की कटाई को रोकने के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा पेड लगाने की मुहिम शुरू होना आवश्यक है चूंकि नेशनल हाईवे के अलावा जिले में रेल लाईन बिछाने के नाम पर करीबन 20 हजार से भी अधिक हरे भरे पेडों की बलि चढा दी गई और उसके बदले में पेड लगाने के लिए कोई पहल नही होना। इस बात का संकेत है कि जिले में बिगडते पर्यावरण को बचाये रखने के लिए कोई योजना सामाजिक संगठनों द्वारा न ही बनाई गई है और न ही प्रशासन की जानकारी में इस गंभीर बात को सामने लाने की कोशिश की जा रही है। जिला नारी शक्ति प्रमुख अंकिता चौधरी ने इस मामले में कहा है कि जल्द ही वे अपनी टीम के साथ हरे भरे पेडों को लगाने की एक मुहिम चलाएगी जो पूरे बरसात में चलेगी। अंकिता चौधरी की मानें तो पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देख रेख का जिम्मा भी ईमानदारी से लिया जाएगा ताकि पौधारोपण करने के बाद उसे जिंदा रखा जा सके और वह आने वाले समय में एक बडा पेड बन सके। उनका यह भी कहना था कि रायगढ़ जिले में पौधों की नितांत आवश्यकता है और हर नागरिक को इस मामले में गंभीरता से विचार करना चाहिए और कम से कम एक पेड पूरी ईमानदारी के साथ लगाये ताकि बिगड़ते पर्यावरण को बचाने के लिये उनकी छोटी सी पहल एक बडा आंदोलन का रूप ले। अंकिता चौधरी का कहना है कि जल्द उनकी टीम रायगढ़ शहर के साथ-साथ सड़क के किनारे और ग्रामीण इलाकों में 2 हजार से भी अधिक पेड लगाएगी और प्रशासन से मिलकर बिगडते पर्यावरण को बचाने के लिए उद्योगों को भी आगे आने के लिए निवेदन करेगी।

## रूसी राष्ट्रपति के विवादित बयान से नाराज हुई जनता

**रूस।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दमदार छवि के लिए जाने जाते हैं, साथ ही सेक्सिस्ट टिप्पणियों के लिए भी काफी लोकप्रिय हैं। एक बार फिर उन्होंने एक ऐसी टिप्पणी कर दी, जिसे आधी आबादी उनसे नाराज हो सकती है। ऑस्कर विजेता निर्देशक ऑलिवर स्टोन के साथ एक इंटरव्यू के दौरान रूसी राष्ट्रपति ने एक ऐसी टिप्पणी की, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ काफी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार पुतिन से सवाल पूछा गया था कि क्या कभी आपके बुरे दिए आए हैं इस पर पुतिन हंसते हुए कहा, 'मैं महिला नहीं हूं इसलिए मेरे बुरे दिन नहीं होते हैं। पुतिन ने आगे कहा, मैं किसी का अपमान करने की कोशिश नहीं कर रहा हूं, यह चीजों की प्रवृति है। कुछ सामान्य चक्र होते हैं।' ये इंटरव्यू का फुटेज ऑलिवर स्टोन की आने वाली डॉक्युमेंट्री फिल्म 'द पुतिन इंटरव्यूज़' का बताया जा रहा है। ये डॉक्यूमेंट्री चार सीरीज में है, जिसे अगले सप्ताह रिलीज किया जाएगा। पुतिन को अपनी इस टिप्पणी के लिए काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि ये पहली बार नहीं है, इससे पहले वह हिलेरी की तुलना हिटलर से और महिलाओं को 'कमजोरी' के साथ जोड़ने की वजह से भी लोगों के निशाने पर आ चुके हैं।

## शराब कंपनियों को पुराने स्टॉक निर्यात करने की इजाजत : सुको

**पटना।** बिहार शराबबंदी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज शराब निर्माता कंपनियों को बड़ी राहत दी है और कहा है कि कंपनियां अपने शराब के पुराने स्टॉक को किसी अन्य राज्य में निर्यात कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि शराब बनाने के लिए प्रयुक्त कच्चे माल को नष्ट किया जाएगा, जबकि स्टॉक में पड़े पुराने माल को बिहार से बाहर अन्य राज्यों में निर्यात किया जा सकता है। इससे पहले बिहार के गोदामों में रखी 200 करोड़ की शराब के स्टॉक के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के विरोध के बावजूद बिहार के गोदामों में रखी शराब निकालने के लिए शराब कंपनियों को 31 जुलाई तक का वक्त दे दिया है। बिहार सरकार ने अर्जी का विरोध करते हुए कोर्ट ने कहा कि 31 गोदामों में करीब 2 करोड़ 80 लाख बोतलें रखी हैं, जिनमें से सिर्फ 10 लाख बोतलें ही निकाली गई हैं। इस शराब के स्टॉक की सुरक्षा के लिए सरकार का हर महीने एक करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। राज्य में शराब रखी होने की वजह से कानून-व्यवस्था के खराब होने की आशंका है। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार से कहा कि जब शराब सरकार की सुरक्षा में है तो फिर ये बाहर कैसे बिकेगी। कोर्ट ने कंपनियों से कहा कि इसके बाद और वक्त नहीं मिलेगा. वहीं कंपनियों का कहना था कि कंपनियों ने शराब को दूसरे राज्यों को भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बिहार में शराबबंदी के चलते शराब निर्माता कंपनियों के गोदामों में रखे 200 करोड़ रुपये के शराब के स्टॉक पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। कंपनियों ने बिहार में गोदामों में पड़े शराब के स्टॉक को निकालने के लिए तीन महीने का वक्त और बढ़ाने की मांग की थी। याचिका में कहा गया कि स्टॉक को निकालने के लिए कंपनियों को और वक्त चाहिए, 31 मई तक गोदाम से सारा स्टॉक नहीं निकाला जा सकता।

## आई जी ने लापता बालको को खोजने के दिए निर्देश, आपरेशन तलाश में मिले 28 बच्चे

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** बिलासपुर रेंज में बालक-बालिकाओं के लापता होने संबंधी लंबित प्रकरणों की जिलेवार समीक्षा पुलिस महानिरीक्षक पुरुषोत्तम गौतम के द्वारा की जा रही है इसी क्रम में आज पुलिस नियंत्रण कक्ष रायगढ़ में बालक-बालिकाओं से संबंधित लंबित प्रकरणों की अलग-अलग समीक्षा थानावार की गई । बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी.एन.मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चौहान, पुलिस उपअधीक्षक अजाक एवं प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस धरमजयगढ़ श्री वीरेंद्र शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सारंगढ़ श्री जुनाश बड़ाए प्रभारी क्राइम ब्रांच निरीक्षक राकेश मिश्रा थाना प्रभारी सारंगढ़, बरमकेला, सरियाए कोतवाली, कोतरारोड, चक्रधर नगर, छाल, पूंजीपथरा, खरसिया, भूपदेवपुर, लैलूंगा, धरमजयगढ़, घरघोड़ा एवं कापू, चौकी प्रभारी जूट मिल रैरूमा खरसिया रीडर टू एस.पी गिरधारी साव, प्रभारी जिला अपराध शाखा डी के डडसेना उपस्थिति थे बैठक के प्रारंभ होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अभियान तलाश के तहत जिले में दस्तयाबी में किए गए प्रयासों की संक्षिप्त जानकारी दी । पश्चात पुलिस महानिरीक्षक गौतम ने अब तक अदम दस्तयाब रहे बालक-बालिकाओं के सभी प्रकरणों की थानावार समीक्षा करते हुए प्रकरणों में दस्तयाबी क्रम में सोशल, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ सामुदायिक पुलिसिंग एवं शक्ति वाहिनी जैसी स्वयंसेवी संस्थाओं तथा राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के खोजा पाया पोर्टल पर सर्च करने के निर्देश दिए पूरे छत्तीसगढ़ में विगत 15 मई से एक माह तक लगातार ऑपरेशन तलाश चलाया जा रहा है जिसके तहत श्री मीणा ने आकाशवाणी केंद्र रायगढ़ के माध्यम से कार्यक्रम किसान वाणी में लगातार श्रोताओं से लापता बालक एंव बालिकाओं की खोज में मदद करने का आग्रह किया तथा ऑपरेशन तलाश के दौरान थाना प्रभारियों के के साथ बैठक कर सूक्ष्म समीक्षा की इस अभियान में पैरालीगल वालेंटियर्स की भी मदद ली गई जिसके फलस्वरूप अरसे से लापता 28 बालक-बालिकाओं को जिनमें 5 बालक एवं 23 बालिका दस्तयाब की जा चुकी है शेष लंबित प्रकरणों की दस्तयाबी के लगातार प्रयास करने के निर्देश दिए गए ।

# विज्ञान समाचार Science News

## भारत ने रचा इतिहासः लॉन्च किया सबसे भारी रॉकेट जीएसएलवी मार्क 3

**नई दिल्ली।** लगातार अंतरिक्ष में अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कराने में जुटा इसरो एक नया कीर्तिमान बना लिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने सोमवार को भारत में विकसित किए गए करीब 200 बड़े हाथियों के बराबर वजन वाले रॉकेट लॉन्च कर दिया। इसरो की योजना इस रॉकेट के जरिए भारतीय जमीन से भारतीयों को अंतरिक्ष में पहुंचाने की है। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित रॉकेट केंद्र में देश के सबसे आधुनिक और भारी जियोसिंक्रोनस उपग्रह प्रक्षेपण यान मार्क तीन,जीएसएलवी एमके3 को रखा गया है। जीएसएलवी मार्क 3 अब तक के सबसे वजनदार उपग्रहों को अपने साथ ले जाने में सक्षम है। इसके साथ ही भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने दुनिया के कई करोड़ डॉलर के प्रक्षेपण बाजार में भी अपनी स्थिति मजबूत बना ली है। भारत में ही विकसित नई पीढ़ी के हैवी लॉन्च व्हीकल जीएसएलवी मार्क 3 रॉकेट को फैट ब्वॉय नाम दिया गया है। इस रॉकेट के जरिए 3,136 किलोग्राम के कम्यूनिकेशन सैटेलाइट जीसैट-19 को अंतरिक्ष की कक्षा में भेजा गया। इस रॉकेट के तीन प्रपोल्शन, सॉलिड एस 200, लिक्विड एल110 कोर स्टेज और सबसे ताकतवर क्रायोजनिक अपर स्टेज को भारत में ही विकसित किया गया है। ये है खासियत फैट ब्वॉय के लॉन्च के साथ ही देश में ही भारी रॉकेट को विकसित करने वाली इसरो की क्षमता का भी टेस्ट हुआ। यह रॉकेट चार टन के कम्यूनिकेशन सैटेलाइट को उच्च कक्षा में ले जाने में सक्षम होगा। इस रॉकेट का वजन पूर्ण विकसित 200 हाथियों के बराबर होगा। यह सैटेलाइट देश भर में डाटा कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा। पहला प्रायोगिक प्रक्षेपण जीएसएलवी एमके.3 का यह पहला प्रायोगिक प्रक्षेपण है। अगर सब कुछ योजना के तहत ठीक से चला तो एक दशक या करीब आधा दर्जन सफल लॉन्चिंग के बाद इस रॉकेट के जरिए धरती से भारतीयों को अंतरिक्ष में पहुंचाने की कोशिश की जा सकती है। ऐसे स्थिति में ये रॉकेट सबसे अहम विकल्प बन सकता है। सरकार से धन का इंतजार यह रॉकेट पृथ्वी की कम ऊंचाई वाली कक्षा तक आठ टन वजन ले जाने में सक्षम है जो भारत के चालक दल को ले जाने के लिए लिहाज से पर्याप्त है। इसरो पहले ही अंतरिक्ष में दो-तीन सदस्यीय चालक दल भेजने की योजना तैयार कर चुका है। इसरो को बस इस संबंध में सरकार की ओर से तीन-चार अरब डॉलर की राशि आवंटित किए जाने का इंतजार है। इसरो की इस सफलता पर राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बधाई दी है। राष्ट्रपति ने कहा- राष्ट्रपति भवन के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा गया है कि जीएसएलवी - एमके 3 के ऐतिहासिक प्रक्षेपण पर इसरो को हार्दिक बधाई। राष्ट्रपति मुखर्जी ने कहा कि - जीएसएलवी एमके 3 भारत द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा रॉकेट है और आज तक बनाए गए भारी उपग्रहों को ले जाने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर गर्व है। पीएम ने कहा गर्व है पीएम मोदी ने कहा कि जीएसएलवी- एम के आई आई आई डी 1 / जीएसएटी - 19 मिशन के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो के समर्पित वैज्ञानिकों के लिए बधाई। पीएम ने कहा कि जीएसएलवी एमके 3 डी जीएसएटी -19 मिशन भारत को अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण वाहन और उपग्रह क्षमता के करीब ले जा रहा है। राष्ट्र को गर्व है!








## एक फांसी से मरी दूसरा ट्रेन में कटा

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** आकस्मिक मृत्यु के दो मामले हुए पहले में फांसी लगा ली तो दूसरे में रेल से कटने से मौत हुयी ग्राम मेढरमाल लैलूंगा की कु. संतोषी चौहान, उम्र 17 साल, ने घर के म्यार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका के परिजन सुबह से डोरी बिनने गये हुए थे, बालिका घर पर अकेली थी, करीब 9 बजे उसकी माँ श्रीमति चन्द्र कुंवर घर आयी तो संतोषी चौहान को फांसी पर लटका पाया जिसे आसपास के लोगों को बुलावाकर नीचे उतरवायी और इसकी सूचना थाना में दी, दूसरी घटना में आज थाना चक्रधरनगर में जामगांव-कोतरलिया अप लाईन के बीच एक अज्ञात पुरूष उम्र करीब 40 साल का शव मिला थाना चक्रधरनगर में सूचना पर उप निरीक्षक जवाहर राठौर स्टाफके साथ मौके पर जाकर पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव को पोस्ट मार्टम के लिये भिजवाया। अज्ञात मृतक के वारिसानों की पतासाजी की जा रही है, प्रारंभिक जांच में मृतक की मृत्यु ट्रेन दुर्घटना में होने की आशंका है। मृतक का पी.एम. रिपोर्ट अप्राप्त है ।

## दो सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** दो सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए जिनका इलाज अस्पताल में किया जा रहा है ग्राम मुढी पंडरापाठ जशपुर का निर्मल यादव कल पीकप वाहन में पंडरापाठ से टमाटर लोड कर चचेरा भाई हीरा लाल यादव तथा ड्रायवर पवन कुमार साय के साथ बिक्री करने हेतु शक्ति जा रहा था। पीकप को कल सुबह करीब 4 बजे छाल रोड कोयलार जंगल के पास तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पलटी कर दिया जिससे निर्मल यादव के बायें हाथ बायें पैर तथा हीरा लाल यादव के सीना में चोट आयी है । उन्हें 108 संजीवनी वाहन के माध्यम से सिविल अस्पताल धरमजयगढ में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। मामले में धारा 279,337 भादंवि पंजीबद्ध कर लिया गया। दूसरी घटना ग्राम कोहरौदा मस्तूरी जिला बिलासपुर के पुनीराम पाटले जो किरोडीमलनगर शांतिनगर में रहता है 7जून के लगभग दोपहर 1.45 बजे पैशन प्रो मोटर सायकल से ढिमरापुर जा रहा था कि ओ0पी0 जिंदल अस्पताल पतरापाली मेन गेट के पास कार क्रमांक का चालक उसे ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। आहत को ओ0पी0 जिंदल फोर्टिज हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया आज धारा 279,337 भादंवि दर्ज कर लिया गया।

## जमीन के सीमांकन को लेकर मारपीट

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** ग्राम खरसिया का गुहा दास महंत खरसिया के खसरा नंबर 928 का जमीन विवादित होने से कल सीमांकन कराया जीसामें जमीन गुहा दास महंत की निकली जिसका त्रिलोचन दास मेरा जमीन है,कहकर चौकी जोबी में अपराध दर्ज कराया था, सीमांकन में कोटवार की मौहापेड़ के पास की जमीन का बगल शासकीय जमीन तथा जलदेव राठिया का जमीन खसरा नंबर 885 व 917/1 का सीमांकन में जलदेव राठिया का निकला, सीमांकन के दौरान मारपीट हुई। दोनों पक्षों द्वारा मारपीट की रिपोर्ट पुलिस चौकी जोबी में दर्ज करायी।

## महिलाओं के प्रति अपराध को लेकर महिला कार्यकर्ता ने योगी सरकार पर किया हमला

**कोलकाता।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में तीन लोगों द्वारा एक महिला का सामूहिक बलात्कार किये जाने की घटना के बाद महिला कार्यकर्ता रूबी मुखर्जी ने गुरुवार को योगी आदित्यनाथ की सरकार पर तीखा वार किया है। उन्होंने सरकार की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि जिस राज्य में ऐसे मामलों के प्रति प्रशासन उदार होगा वहां किसी न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती है। उत्तर प्रदेश में महिलाएं और बच्चे बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। भले ही वर्तमान सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ढिंढोंरा पीट रही हों, कानूनों का बदलाव कर रही हो लेकिन वहां कुछ नहीं बदलने वाला है। पीड़िता के द्वारा उस भयावह घटना को लेकर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है, ना ही कोई कार्रवाई की जा रही है। सरकार से मेरा ये सवाल है कि पीड़ितों को ये कैसा न्याय दिया जा रहा है इसके अलावा यूपी के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ को सलाह देते हुए मुखर्जी ने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस प्रशासन से महिलाओं की सुरक्षा पर कानूनों में संशोधन करने और सख्त कानून बनाने का अनुरोध करती हूं। मालूम हो कि, यूपी के उन्नाव जिले में पूरब कोतवाली इलाके के पास मंगलवार को तीन लोगों के द्वारा एक महिला का अपहरण कर चलती गाड़ी में गैंगरेप किया गया था। इसके बाद महिला को बेहोशी की हालत में उन्नाव जिले के पास फेंक दिया गया था। घटना की सूचना पाकर पुलिस जैसे ही वहां पहुंची, आरोपी इसके पहले ही महिला को चलती गाड़ी से बाहर फेंककर भागने में कामयाब रहे थे। पीड़िता ने किसी तरह नजदीकी पुलिस स्टेशन पहुंच कर अपना बयान दर्ज कराया। महिला को मेडिकल टेस्ट के लिए भेजा गया है, जिसके रिपोर्ट का इंतजार है। इस बीच, तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की दर्ज है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है और वे जल्द से जल्द आरोपी को पकड़ने की कोशिश करेंगे।

## मैं रबड़ स्टांप नहीं हूं : किरण बेदी

**चेन्नई।** पुडुचेरी की उपराज्यपाल किरण बेदी ने कहा है कि वह एक 'रबड़ स्टांप नहीं हैं' और वह एक प्रशासक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं। गौरतलब है कि केन्द्र शासित प्रदेश में वी नारायणसामी की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार का किरण बेदी से टकराव रहा है। उनका बयान निर्वाचित सरकार के साथ उनके टकराव की खबरों के बीच आया है।